## मुख्य विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर की अध्यक्षता में दिनांक 11.10.2022 को जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक निर्माण के सत्यापन की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

**उपस्थिति**

1– जिला विकास अधिकारी
2– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण
3– श्री सरोज जेना, डी0जी0एम0, एन0सी0सी0
4– श्री प्रसाद, तकनीकी अधिकारी, एन0सी0सी0
5– प्रोजेक्ट मैनेजर, ऋत्विक कोया

दिनांक 11–10–2022 को पूर्वान्ह 11.00 बजें से बैठक प्रारम्भ किया गया। बैठक के समय उपरोक्त अधिकारी उपस्थित थें। जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में कराये जा रहे ओवर हेड टैंक निर्माण की प्रगति के सम्बन्ध में मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 के डी0जी0एम0 श्री सरोज जेना द्वारा बताया गया कि 544 ग्राम पंचायतो का डी0पी0आर0 प्रेषित किया गया । जिसके कम में जिला पेयजल स्वच्छता समिति द्वारा 520 ग्राम पंचायतो का डी0पी0आर0 अनुमोदित कर दिया गया है। पुनः 24 ग्राम पंचायतो के 22 डी0पी0आर0 स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है।

निर्देशित किया गया कि शेष 02 ग्राम पंचायत का डी0पी0आर0 तीन दिन के अन्दर जिला पेयजल स्वच्छता समिति के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

अवगत कराया गया कि जनपदस्तरीय अधिकारियो को विकास खण्डो का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नामित अधिकारियो द्वारा ओवर हेड टैंक का सत्यापन कार्य किये जा रहे है डी0जी0एम0 एन0सी0सी0लि0 को निर्देशित किया गया कि जो परियोजनाओ निर्मित/निर्माणाधीन है उसका विवरणवार सूची उपलब्ध कराये तथा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि आपके यहाँ कार्यरत अभियन्ता की सूची उपलब्ध कराये जिससे नामित नोडल अधिकारियो के साथ एक–एक अभियन्ता को सत्यापन कार्य हेतु लगाया जाय।

निर्देशित किया गया कि जो भी जनपदीय अधिकारी ओवर हेड टैंक सत्यापन कार्य में लगाये गये है वह प्रत्येक सोमवार को कम से कम 05 परियोजना का सत्यापन रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगें, जिन अधिकारियो द्वारा सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत नही किया जायेगा वह अगले दिन मंगलवार को समीक्षा बैठक में उपस्थित होगें।

मेसर्स नागार्जुन कस्ट्रक्शन कम्पनी लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि 50 परियोजनाओ पर सोलर पैनल लगाया गया है तथा 11 परियोजनाओ पर बारिश के वजह से सोलर पैनल नही लग पाया है।

निर्देशित किया गया कि जहाँ पर सोलर पैनल लगाया गया है उसकी सूची उपलब्ध करायें तथा जिन परियोजनाओ पर सोलर पैनल का कार्य होना है उसे एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करायें।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप लाईन बिछाने के उपरान्त मिट्‌टी की भरायी नही की जा रही है जिससे ग्राम वासियो को बारिश के कारण अत्यधिक असुविधाओ का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में पोर्टल पर

शिकायते भी प्राप्त हो रही है। निर्देशित किया गया कि पाईप लाईन बिछाने के उपरान्त मिट्टी भरायी का कार्य तत्काल कर दिया जाय।

मेसर्स नागार्जुन कन्स्ट्रक्शन कम्पनी लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि 99 ग्राम पंचायतो में भूमि की उपलब्धता नही है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा मुख्य राजस्व अधिकारी से वार्ता कर 70 ग्राम पंचायतो में भूमि उपलब्ध करायी गयी है। निर्देशित किया गया कि उपलब्ध करायी गयी भूमि का सर्वे एक सप्ताह में कर लिया जाय एवं उपयोग में लायी जाने वाली भूमि का चिन्हाकन कर एक सप्ताह में डी0पी0आर0 तैयार कर जिला पेयजल स्वच्छता मिशन के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

( कार्यवाही–मेसर्स नागार्जुन कन्स्ट्रक्शन कम्पनी लि0 / अधि0अभि0जल निगम, ग्रामीण)

प्रोजेक्ट मैनेजर, ऋत्विक कोया द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत 138 ग्राम पंचायतो का डी0पी0आर0 SLSSC (State Level Scheme Sanctioning Committee) को प्रेषित किया गया है। जिसके सापेक्ष 10 डी0पी0आर0 स्वीकृत किया जा चुका है। पुनः 21 डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रस्तुत किया गया है।

निर्देशित किया गया कि 21 डी0पी0आर0 को 05 दिन के अन्दर अनुमोदन कराकर राज्य पेयजल स्वच्छता समिति को प्रेषित किया जाय।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा मुख्य राजस्व अधिकारी से वार्ता करके 44 ग्राम पंचायतो में ओवर हेड टैंक निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करायी गयी है। निर्देशित किया गया कि उपलब्ध करायी गयी भूमि का सर्वे का कार्य कर लिया जाय तथा सर्वे के उपरान्त 10 दिन के अन्दर डी0पी0आर0 प्रस्तुत किया जाय।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण / ऋत्विक कोया)

11/10/22

मुख्य विकास अधिकारी
o/c गोरखपुर

पत्रांक 3713 / दिनांक 12-10-2022

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– अधिशासी अभियन्ता, दशम खण्ड, जल निगम, ग्रामीण गोरखपुर।
2– समस्त नामित नोडल अधकारी जनपद गोरखपुर को उक्तानुसार सूचनार्थ प्रेषित।
3– जिला विकास अधिकारी, गोरखपुर।
4– जिलाधिकारी, गोरखपुर।

11/10/22

मुख्य विकास अधिकारी
o/c गोरखपुर